Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय–9 | दैनिक जीवन में पृथक्करण विधियाँ QUIZ-01

1. **अनाज से छोटे कंकड़ हाथ से निकालना क्या कहलाता है?**
   A. ओसाई
   B. हस्त चयन
   C. निस्यंदन
   D. मथना (B)

***व्याख्या :*** कम मात्रा में उपस्थित आसानी से दिखाई देने वाले कणों को हाथ से हटाना हस्त चयन है।

2. **पौधों की बालियों को पीटकर दाने अलग करने की विधि है—**
   A. अवसादन
   B. वाष्पीकरण
   C. थ्रेशिंग
   D. निस्तारण (C)

***व्याख्या :*** बालियों या पूलों को पीटकर अनाज के दाने अलग करने की प्रक्रिया थ्रेशिंग कहलाती है।

3. **पवन से भूसी और अनाज अलग करने की विधि है—**
   A. ओसाई
   B. चालन
   C. मथना
   D. निस्यंदन (A)

***व्याख्या :*** ओसाई में हल्की भूसी पवन के साथ दूर चली जाती है, जबकि भारी अनाज नीचे गिरता है।

4. **आटे से चोकर अलग करने के लिए क्या प्रयोग होता है?**
   A. चुंबक
   B. मथनी
   C. फिल्टर-पत्र
   D. चालनी (D)

***व्याख्या :*** चालनी से बारीक आटा निकल जाता है और बड़े चोकर के कण उसमें रह जाते हैं।

5. **नमक के विलयन से नमक प्राप्त करने की विधि है—**
   A. मथना
   B. वाष्पीकरण
   C. हस्त चयन
   D. ओसाई (B)

***व्याख्या :*** जल के वाष्पित हो जाने पर ठोस नमक शेष रह जाता है।

6. **भारी अघुलनशील कणों का नीचे बैठना कहलाता है—**
   A. निस्तारण
   B. निस्यंदन
   C. अवसादन
   D. थ्रेशिंग (C)

***व्याख्या :*** किसी द्रव की तली में भारी अघुलनशील कणों के जमने की प्रक्रिया अवसादन है।

7. **ऊपर के साफ द्रव को धीरे-धीरे उड़ेलना कहलाता है—**
   A. निस्तारण
   B. चालन
   C. ओसाई
   D. मथना (A)

***व्याख्या :*** अवसादन के बाद पात्र को तिरछा करके ऊपर का द्रव निकालना निस्तारण कहलाता है।

8. **चाय से चाय की पत्तियाँ अलग करने की विधि है—**
   A. थ्रेशिंग
   B. वाष्पीकरण
   C. हस्त चयन
   D. निस्यंदन (D)

***व्याख्या :*** चालनी चाय को निकलने देती है, जबकि चाय की पत्तियाँ उसमें रुक जाती हैं।

9. **दही से मक्खन किस विधि द्वारा निकाला जाता है?**
   A. ओसाई
   B. मथना
   C. अवसादन
   D. चालन (B)

***व्याख्या :*** दही को मथने पर हल्का मक्खन ऊपर आ जाता है और छाछ नीचे रह जाती है।

10. **लकड़ी के बुरादे से लोहे की कीलें कैसे अलग होंगी?**
   A. निस्तारण से
   B. वाष्पीकरण से
   C. चुंबकीय पृथक्करण से
   D. निस्यंदन से (C)

***व्याख्या :*** चुंबक लोहे की कीलों को आकर्षित करता है, लेकिन लकड़ी के बुरादे को नहीं।

मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App